


# पंचदश बिहार विधान सभा

## अष्टम् सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-25

सोमवार, दिनांक-01 अप्रील, 2013 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 01.00 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 01 अल्प सूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 18 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक ख 2929 का उत्तर दिनांक 04.04.2013 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न क्रमांक 3290 कृषि विभाग को स्थानांतरित ।

(v) 07 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(vi) 56 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित मा० सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | श्री प्रदीप कुमार | (ii) | श्री दिनेश कुमार सिंह |
| (iii) | श्री पवन कुमार जायसवाल | (iv) | डा० रणविजय कुमार |
| (v) | श्री विनोद प्रसाद यादव | (vi) | श्री विजय कुमार सिन्हा |
| (vii) | श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा | (viii) | श्री कुमार शैलेन्द्र |
| (ix) | श्री अरूण शंकर प्रसाद | (x) | श्री राम नरेश प्रसाद यादव |
| (xi) | डा० दाउद अली | (xii) | श्री चन्द्रशेखर |
| (xiii) | श्री संजय सिंह ''टाइगर'' | (xiv) | श्री रणधीर कुमार 'सोनी' |
| (xv) | श्री राजेश्वर राज | | |

''मा० सदस्य श्री पवन कुमार जायसवाल की शून्यकाल की सूचना पर विपक्ष के सभी मा० सदस्यगण सरकार से उत्तर की मांग करने लगे । मांग न माने जाने के फलस्वरूप कुछ समय के लिए विपक्ष के सभी मा० सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।''

[3] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) मा० सदस्य श्री सुमित कुमार एवं अन्य सभासदों का ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित दिनांक 01, 06, 11, 15 एवं 20 मार्च, 2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना के उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(ii) मा० सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी एवं अन्य सभासदों का गृह (आरक्षी) विभाग से संबंधित दिनांक 05, 08, 14 एवं 21 मार्च, 2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर मा० प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया । उत्तर से असंतुष्ट होने पर आसन द्वारा घोषणा की गई कि सरकार इसकी जाँच गृह सचिव से कराएगी ।

(iii) मा० सदस्य श्री विनय बिहारी एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित दिनांक 19, 20 एवं 21 मार्च, 2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर मा० प्रभारी मंत्री द्वारा दिया गया ।

(iv) मा० सदस्य श्री प्रेमरंजन पटेल एवं अन्य सभासदों का राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित दिनांक 20 एवं 21 मार्च, 2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा मा० प्रभारी मंत्री द्वारा उसका उत्तर दिया गया ।

(v) मा० सदस्य डा० रणविजय कुमार एवं अन्य सभासदों का पथ निर्माण विभाग से संबंधित दिनांक 21.03.2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(vi) मा० सदस्य श्री अखतरूल इसलाम शाहिन एवं अन्य सभासदों का भवन निर्माण विभाग से संबंधित दिनांक 21.03.2013 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर दिनांक 03.04.2013 तक के लिए स्थगित हुआ ।

(vii) मा० सदस्य श्री ललित कुमार यादव का गृह (आरक्षी) विभाग से सम्बंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसका उत्तर दिनांक 02.04.2013 तक के लिए स्थगित हुआ ।

''शेष ध्यानाकर्षण सूचनाएँ 02.04.2013 को लिए जाएँगें ।''

[4] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-

(i) मा० मंत्री श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा राज्य सूचना आयोग का वित्तीय वर्ष 2011-12 का वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

**(भोजनावकाश के बाद)**

**समय 02.00 बजे अप० से 4.20 बजे अप० तक ।**

[5] विधायी कार्य :- राजकीय विधेयक :-

(i) **बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (संशोधन) विधेयक, 2013 :-**

मा० मुख्यमंत्री द्वारा विधेयक सदन की अनुमति से सदन में पुर:स्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

मा० सदस्य श्री दुर्गा प्रसाद सिंह द्वारा जनमत जानने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया । प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ ।

सदन द्वारा विचार के प्रस्ताव के स्वीकृति उपरांत खंडश: विचार के क्रम में खंड-2 में मा० सदस्य श्री दुर्गा प्रसाद सिंह का संशोधन प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा सभी खण्ड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

मा० मुख्यमंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

विधेयक सदन द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

(ii) **भारतीय स्टाम्प (बिहार संशोधन) विधेयक, 2013 :-**

मा० प्रभारी मंत्री श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा सदन की अनुमति से विधेयक सदन में पुर:स्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

मा० सदस्य श्री दुर्गा प्रसाद सिंह द्वारा सिद्धांत पर विमर्श का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

मा० सदस्य श्री दुर्गा प्रसाद सिंह के जनमत जानने का प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ ।

विधेयक पर विचार के प्रस्ताव के स्वीकृति उपरांत खंडश: विचार के क्रम में मा० सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा खंड-2 में दो संशोधन का प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ तथा सभी खण्ड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

मा० प्रभारी मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया । विधेयक सदन द्वारा 17 मतों के विरूद्ध 89 मतों से स्वीकृत हुआ ।

(iii) **बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास (संशोधन) विधेयक, 2013 :-**

मा० प्रभारी मंत्री श्री नरेन्द्र नारायण यादव द्वारा सदन की अनुमति से विधेयक सदन में पुर:स्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

मा० सदस्य श्री राम लषण राम 'रमण' द्वारा सिद्धांत पर विमर्श का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

मा० सदस्य श्री दुर्गा प्रसाद सिंह द्वारा जनमत जानने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया । प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ ।

विचार के प्रस्ताव के स्वीकृति उपरांत खंडश: विचार के क्रम में मा० सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा खंड-3 में संशोधन प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा सभी खण्ड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

मा० प्रभारी मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

विधेयक सदन द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

(iv) **बिहार खेल-कूद (खेल-कूद संगमों का रजिस्ट्रीकरण, मान्यता एवं विनियमन) विधेयक, 2013 :-**

मा० प्रभारी मंत्री श्रीमती सुखदा पांडेय द्वारा सदन की अनुमति से विधेयक सदन में पुर:स्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

मा० सदस्य श्री राम लषण राम 'रमण' द्वारा सिद्धांत पर विमर्श का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

मा० सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा जनमत जानने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया । मा० सदस्य श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा भी पक्ष रखा गया । प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ ।

मा० सदस्य श्री दुर्गा प्रसाद सिंह द्वारा संयुक्त प्रवर समिति को सौंपने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया । प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ ।

विचार के प्रस्ताव के स्वीकृति उपरांत खंडश: विचार के क्रम में मा० सदस्य श्री राम लषण राम 'रमण' का खंड-6 में संशोधन प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ तथा सभी खण्ड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

मा० प्रभारी मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विधेयक के स्वीकृति के प्रस्ताव के विरोध में मा० नेता प्रतिपक्ष श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा पक्ष रखा गया ।

मा० प्रभारी मंत्री द्वारा उत्तर दिया गया ।

(आसन द्वारा सदन की सहमति से सदन की अवधि का विस्तार आज के कार्यों के निस्तारण तक किए जाने की घोषणा की गई)

मा० मुख्यमंत्री द्वारा भी विधेयक के संबंध में पक्ष रखा गया ।

विधयेक सदन द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ । विपक्ष के मा० सदस्यगण विरोध में कुछ क्षणों के लिए सदन से बहिर्गमन कर गए ।

[6] <u>राजकीय संकल्प</u> :-

मा० प्रभारी मंत्री, विधि विभाग, श्री नरेन्द्र नारायण यादव द्वारा एक राजकीय संकल्प प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

तत्पश्चात् विधेयक सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

[7] <u>निवेदन</u> :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 20 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगें ।

[8] <u>शोक प्रकाश</u> :-

मा० अध्यक्ष महोदय द्वारा स्व० सत्यदेव सिंह, पूर्व स०वि०प० के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिरशांति एवं शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई ।

तदुपरांत सभी मा० सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की । मा० अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना शोकाकुल परिवार के पास भेज दिए जाएँ ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक 02.04.2013 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-01.04.2013

फूल झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।